Indian School Al Wadi Al Kabir

Worksheet—3 — अपठित गद्यांश

Class –VII (2nd Lang.)

Name……………………….. Date……/05/2015

दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्न के उत्तर दीजिए :----

बिजली का आविष्कार करके विज्ञान ने मनुष्य की जीवन शैली ही बदल दी है।रात के अंधेरे प्रकाश से जगमगा उठे हैं।दिन और रात का अंतर समाप्त हो गया है। बिजली से चलने वाले यंत्रों के नाम तक गिनाना असंभव हो गया है।रसोई के काम इन यंत्रों द्वारा होने लगे हैं।घरों में अनाज की चक्कियाँ अनाज पीसकर आटा दे देती हैं, दूसरी मशीन आटा गूँथ देती है,तीसरी मशीन रोटियाँ तैयार कर देती है। रसोई के समस्त कार्य बिजली से चलने वाली मशीनें करने लगी हैं।घर की सफ़ाई ,कपड़ों की धुलाई ,बच्चों की पढ़ाई सब मशीनों द्वारा होने लगी हैं।मनोरंजन के लिए भाँति भाँति के आविष्कार हो गए हैं। बिजली से मनुष्य की समस्त वस्तुओं का निर्माण होने लगा है। विज्ञान ने अंतरिक्ष के क्षेत्र में नए नए प्रयोग किए हैं।चंदमा पर मनुष्य ने चरण रख दिए ,चंद्रयान ने तो चंद्रमा पर पानी की खबर तक दे दी है।अब मंगल ,बृहस्पति ,शनि आदि ग्रहों की जानकारियाँ ली जा रही हैं।अंतरिक्ष में घूमते उपग्रहों से टेलीविजन ,टेलीफ़ोन की सेवाएँ ली जा रही हैं।इनमें से मौसम का हाल पता चलता है।धरती के नीचे भरे खनिज भंडारों की जानकारी मिल जाती है।संचार के माध्यमों में क्रांतिकारी परिवर्तन आ गए हैं।कंप्यूटर ,इंटरनेट ,चलते -फिरते मोबाइल फ़ोन ,फैक्स मशीनें ,छापेखाने प्रतिपल मनुष्य की सेवा कर रहे हैं।

1 बिजली का आविष्कार करके विज्ञान ने क्या बदल दी है ?

……………………………………………………………………………………………

……………………………………………………………………………………………

……………………………………………………………………………………………

……………………………………………………………………………………………

……………………………………………………………………………………………

2 मनोरंजन के लिए क्या हो रहा है ?

……………………………………………………………………………………………

……………………………………………………………………………………………

……………………………………………………………………………………………

……………………………………………………………………………………………

……………………………………………………………………………………………

3 विज्ञान ने अंतरिक्ष के क्षेत्र में क्या उपलब्धियाँ पाई है ?

....

....

....

....

....

4 क्या-क्या चीजें प्रतिपल मनुष्य की सेवा कर रही हैं ?

....

....

....

....

....

5 घरों में अनाज पीसने वाली मशीन क्या दे देती है ?

....

....

....

....

....

6 चंद्रयान ने क्या खबर दी है ?

....

....

....

....

©©©©©©©

Indian School Al Wadi Al Kabir

Worksheet—4 — विलोम ,पर्याय ,वचन

Class –VII (2nd Lang.)

Class -7 Sec……. Name…………….. Date……/05/2015

प्रश्न-1 दिए गए शब्दों के विलोम लिखिए ---

1 आय × …………………… 2 कोमल × ………………………

3 क्रूर × ……………………… 4 पृथ्वी × ………………………

5 आदर × ……………………… 6 प्राचीन × ………………………

7 मानव × ……………………… 8 सुगम × ………………………

9 सार्थक × ……………………… 10 सदाचार × ………………………

प्रश्न-2 दिए गए शब्दों के पर्यायवाची लिखिए ---

1 नदी ……………………………………………………………………………

2 कपड़ा ……………………………………………………………………………

3 अश्व ……………………………………………………………………………

4 जल ……………………………………………………………………………

5 तालाब ……………………………………………………………………………

6 पक्षी ……………………………………………………………………………

7 पेड़ ……………………………………………………………………………

8 अंहकार ……………………………………………………………………………

9 कमल ……………………………………………………………………………

10 बंदर ……………………………………………………………………………

प्रश्न-3 दिए गए वाक्यों के वचन बदल कर लिखिए ---

1 बेटी गाना गा रही है।

....

2 लड़का पिंजरे से चिड़िया उड़ा रहा है।

....

3 औरत सब्जी खरीद रही है।

....

4 अलमारी में पुस्तक रखी है।

....

5 पेड़ पर एक तोता बैठा है।

....

6 हमारी अध्यापिका अच्छा पढ़ाती है।

....

7 नौकर बालक को सुलाता है।

....

8 यह हमारी दुकान है।

....

9 राम के दादा दवाई खाते हैं।

....

10 दादी कहानी सुन रही है।

....